हिंदी साहित्य सभा 'मंथन' द्वारा अंतर-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन

श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में हिंदी एवं हिंदी पत्रकारिता विभाग की हिंदी साहित्य सभा 'मंथन' द्वारा अंतर-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में स्वरचित कविता, स्वरचित कहानी व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन 10.02.2021 (बुधवार) को स्वरचित कविता पाठ हुआ। जिसमे दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। जिन्होंने बेहद उम्दा और बेहतरीन तरीक़े से अपना काव्य पाठ ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से प्रस्तुत किया। कविता पाठ में श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र शिवम सिंह ने प्रथम पुरस्कार, मोतीलाल नेहरु कॉलेज के कन्हैया कुमार ने द्वितीय पुरस्कार व लेडी श्री राम कॉलेज की महिमा चौधरी ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 11.02.2021 (बृहस्पतिवार) को स्वरचित कहानी पाठ हुआ। विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अपना कहानी पाठ बहुत रोचक और आनंदप्रद तरीक़े से सुनाया। किसी ने मेरी डायरी तो किसी ने सामाजिक कुरीतियों को अपने कहानी के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमें हंसराज कॉलेज के कुमार मंगलम को प्रथम, लेडी श्रीराम कॉलेज की मुक्ति त्रिपाठी को द्वितीय एवं मैत्रेयी कॉलेज की नाजिया को तृतीय पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता के तीसरे दिन 13.02.2021 (शनिवार) को वाद - विवाद प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में वाद विवाद का विषय आत्म-निर्भर भारत और ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली रखा गया। प्रतिभागियों ने विषयों के पक्ष व विपक्ष में इसके समर्थन व विरोध में अपनी अपनी दलीलें प्रस्तुत कर विषयों पर मंथन किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह कॉलेज के विभावेश मिश्रा को प्रथम, हंसराज कॉलेज के कुलदीप सिंह को द्वितीय व अंबेडकर विश्वविद्यालय के रवि कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से आयोजित की गई। इस मौके पर कॉलेज के विभिन्न छात्रों और प्राध्यापकों ने भी भाग लिया।